जब से लिया सहारा तेरा ओ मुरलीवाले

तर्ज - चूड़ी मजा ना देगी कंगन मजा ना देगा

जब से लिया सहारा तेरा ओ मुरलीवाले,
दिल ना लगे हमारा,तबसे ओ मुरलीवाले.....

दाता दयालु तुमसा मिलता है अब कहाँ पे,
खुशियों से भरता झोली बिन मांगे ही यहाँ पे,
करता है तू करिश्मा दुनिया से भी निराले,
जब से लिया सहारा तेरा ओ मुरलीवाले......

लागी लगन है ऐसी, हर पल जो तड़पाये,
दीदार बिन हमारे दिल को ना चैन आये,
ये रोग है पुराना इस से हमें बचाले,
जब से लिया सहारा तेरा ओ मुरलीवाले......

हर चीज़ में मुझे दी बड़ी बरकतें ओ कान्हा,
दे दी जमाने भर की खुशियां मुझे ओ कान्हा,
तेरे प्यार का हूँ भूखा सुनले ओ मुरलीवाले,
जब से लिया सहारा तेरा ओ मुरलीवाले......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32120/title/jab-se-liya-sahara-tera-oh-murliwale

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |